निबंधन संख्या - 927/08-09 दूरभाष :: 0651-2251008

# विद्या विकास समिति, झारखण्ड

(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध)

शुक्ला कॉलोनी, हिनू, पत्रा.-डोरण्डा, राँची - 834002

E-mail - vvs.jharkhand@yahoo.com, vidyavikas1@dataone.in Web - http://vvsjharkhand.org

पत्रक क्र. : 2/2021-22 (ज्येष्ठ कृष्ण 02 वि. सं. 2078 युगाब्द 5123) दिनांक : 28/05/2021

मान्यवर/मान्या,

सादर नमस्कार।

प्रभु कृपा से आप सब स्वस्थ एवं सानंद रहते हुए शिक्षारूपी ईश्वरीय कार्य में तल्लीन होंगे। कोरोना संकट के समय संयम, धैर्य, गतिशील-सक्रियता, सहयोग, सहानुभूति एवं निष्ठा को अपना आभूषण बना लें। हमसब झारखंडवासी जल, जमीन, जंगल के साथ जीवन सुरक्षा को भी जोड़ लें।

**''तिमिर निशा की काट कालिमा, लाने नवल प्रभात चलें ।**
**युग परिवर्तन की बेला में, हम-सब मिलकर साथ चलें ॥**
**फैलाकर आलोक ज्ञान का, पराशक्तियों को प्रकटायें,**
**देश धर्म की रक्षा के हित, सहते सब आघात चलें। हम-सब मिलकर साथ चलें।**

## विषयानुक्रम

1. 05 से 15 जून के मध्य सह-शैक्षणिक गतिविधियाँ
2. अर्द्धवार्षिक परीक्षा

## 1. 05 से 15 जून के मध्य सह-शैक्षणिक गतिविधियाँ

पत्रक क्र. 01/2021-22 के द्वारा सूचित किया गया था कि 05 से 15 जून के मध्य अपने विद्यालयों में प्रतिभा विकास हेतु विविध प्रकार की गतिविधियों का संचालन होगा, विविध प्रकार की गोष्ठियाँ होंगी तथा विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। विद्यालय स्तर पर तो आप अनेकानेक प्रतियोगिताओं का आयोजन सभी हितधारकों के लिए कर ही रहे होंगे। प्रांतीय समिति की ओर से भी व्यक्तित्व विकास हेतु प्रतियोगिताओं का आयोजन कतिपय हितधारकों के लिए किया गया हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | प्रधानाचार्यों के लिए | - | 9 जून, 2021 |
| | विषय | - | आचार्य नियमावली एकादश आवृत्ति |
| | प्रश्न संख्या | - | 10 |
| | समय | - | एक घंटा (पूर्वाह्न 11:00 बजे से) |
| (ख) | आचार्यों के लिए | - | 10 जून, 2021 |
| | विषय | - | वंदना पुस्तक |
| | प्रश्न संख्या | - | 10 |
| | समय | - | एक घंटा (पूर्वाह्न 11:00 बजे से) |
| (ग) | भैया-बहनों के लिए | - | 11 जून, 2021 (कक्षा चतुर्थ से द्वादश तक के लिए) |
| | विषय | - | संस्कृति ज्ञान परीक्षा बोध माला - अपनी कक्षा का प्रथम पाठ |
| | प्रश्न संख्या | - | 10 |
| | समय | - | एक घंटा |

| | |
|---|---|
| शिशु वर्ग | - पूर्वाह्न 11:00 बजे से, |
| बाल वर्ग | - अपराह्न 12:00 बजे से, |
| किशोर वर्ग | - अपराह्न 01:00 बजे से, |
| तरूण वर्ग | - अपराह्न 02 बजे से |

(घ) अभिभावकों के लिए - 12 जून, 2021
विषय - भारतीय संस्कृति के अंतर्गत - हिन्दू घर
प्रश्न संख्या - 10
समय - एक घंटा (पूर्वाह्न 11:00 बजे से)

**नियमावली** -

1. सभी उपर्युक्त प्रतियोगिताएँ Google Form के द्वारा नि:शुल्क होगी।
2. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागी अपने वर्ग/कक्षा के आधार पर पुरस्कृत होंगे।
3. सर्वशुद्ध उत्तर पत्रक सर्वप्रथम Submit करने वाले क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय घोषित होंगे।
4. प्रशस्ति पत्र सभी को Online दिया जाएगा।
5. पुरस्कार प्रदेश की ओर से प्रदान किया जाएगा।
6. विशेष जानकारी सह प्रदेश सचिव श्री अजय कुमार तिवारी जी से संपर्क सूत्र-8789527354 पर प्राप्त कर सकेंगे।
7. प्रधानाचार्य जी 5 से 15 जून के मध्य आयोजित सभी कार्यक्रमों की लिखित सूचना (वृत्त) Online विभाग प्रमुख एवं प्रदेश कार्यालय को अवश्य देंगे।
8. Submit करते समय अशुद्ध उत्तर का शुद्ध उत्तर देख सकेंगे।

## 2. अर्द्धवार्षिक परीक्षा

16 से 30 सितंबर 2021 तक अर्द्धवार्षिक परीक्षा आयोजित है। अगर विद्यालय का संचालन औपचारिक स्वरुप में हुआ, तो परीक्षा विद्यालय में होगी। अगर विद्यालय विधिवत प्रारंभ नहीं हुआ तो Open book exam आयोजित करेंगे। परीक्षा टोली के निर्णयानुसार अर्द्धवार्षिक परीक्षा में जुलाई तक के पाठ्यक्रम से प्रश्न पूछना तय किया गया है।

इस पत्रक की सूचना सभी हितधारकों तक पहुँचाने का कष्ट करेंगे।

सफलता की शुभकामनाओं सहित -

इतिशुभम्। तत्रस्थ सबको नमस्कार।

भवदीय

28/05/2021

**(मुकेश नंदन)**
प्रदेश सचिव
विद्या विकास समिति, झारखंड

ॐ

निबंधन संख्या - 927/08-09 दूरभाष :: 0651-2251008

# विद्या विकास समिति, झारखण्ड

( विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध )

शुक्ला कॉलोनी, हिनू, पत्रा.-डोरण्डा, राँची - 834002

**E-mail** - vvs.jharkhand@yahoo.com, vidyavikas1@dataone.in **Web** - http://vvsjharkhand.org

पत्रक क्र. : 1/2021-22 (वैशाख शुक्ल 02 वि. सं. 2078 युगाब्द 5123) दिनांक : 13/05/2021

मान्यवर/मान्या,

सादर नमस्कार।

ईश्वर कृपा से आप सब सानंद रहते हुए अध्ययन-अध्यापन रूपी ईश्वरीय कार्य में लगे होंगे। जब संपूर्ण जगत कोरोना के द्वितीय लक्ष्य के आक्रमण से लड़ रहा है, तो इसी क्षण यह पत्रक कतिपय निर्देशों एवं अपेक्षाओं के साथ प्रेषित है -

करें योग, रहे निरोग। प्रथम सुख निरोगी काया को चरितार्थ करें।

**काँटो से यह भरा मार्ग है, संकट तो आयेगें ।**
**बिना रूके या बिना थके हम, अथक निरंतर चलें ।**
**चलें निरंतर चलें, ध्येय मार्ग पर चलें ॥**
**संयम धैर्य, सहानुभूति सहयोग एवं निष्ठा बनाएँ रखें।**

## विषयानुक्रम

1. Live Classes / Online Classes
2. ग्रीष्मावकाश
3. प्रशिक्षण वर्ग के स्थगन की सूचना
4. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
5. दैनंदिन गतिविधि

## 1. Live Classes / Online Classes

वैश्विक महामारी के संक्रमण काल में कक्षा संचालन आभाषी हो गया है। बैठकें भी आभासी माध्यम से ही हो रही है। इन परिस्थितियों में नेट/डाटा का खर्च होना स्वाभाविक ही है। अब यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया प्रतीत हो रही है। कई कम आय वाले आचार्य व्यय करने में सक्षम नहीं है। प्रदेश के द्वारा तय किया गया है कि Online/Live कक्षा जो लेते हैं उन्हें प्रतिमाह नेट पैक/डाटा पैक हेतु ₹200/- दिया जाए। सक्षम विद्यालय अपने परिसर में ही ब्रॉडबैंड के साथ वाई-फाई लगवा लें तो स्थाई समाधान हो जाएगा।

प्रत्येक विद्यालय Live Class/online class संचालित कराएँ, अगर live class नहीं करा सकते तो व्हाट्सएप पर अध्यापित कक्षाओं का ऑडियो, विडियो भेजें।

कागज पर लिखकर फोटो लेकर भेज देना Online Teaching नहीं है। अगर आपके पास पाठ्य-सामग्री नहीं है, विडियो एवं ऑडियो नहीं है, बना नहीं सकते तो आग्रह है कि **'विद्या भारती ई-पाठशाला'** से पाठ्य-सामग्री डाउनलोड करके व्हाट्सएप द्वारा भेजें।

* ऊँची कक्षाओं छठवीं से बारहवीं तक में व्हाट्सएप का ग्रुप नहीं बनाकर व्हाट्सएप की दूसरी सुविधा Broadcast प्रयोग करें तथा इसके द्वारा भैया-बहनों को जोड़कर सामग्री भेजें।
* व्हाट्सएप पर सामान्य रूप से अच्छी गुणवत्ता का विडियो आप 5 से 7 मिनट का ही भेज सकते हैं, अतः यूट्युब का लिंक बनाकर भेजें। वह लिंक विद्यालय के नाम से बना युट्युब चैनल का हो (व्यक्गित नहीं हो)। जिससे जब चाहे भैया/बहन विडियो देख सकें।

* आभासी जगत में अपने को संघर्षपूर्वक स्थापित करना आवश्यक है। जो किसी कारण से ऑनलाईन नहीं जुड़ते, सर्वप्रथम आत्मीयता पूर्वक कारण जाना जाए तथा निवारण सोचा जाए।
* ऐसे भैया/बहनों के पास मैसेज से फोटोकॉपी, टोला/मुहल्ला पाठशाला द्वारा जुड़ सकते हैं।
* वाटिका, पूर्व प्राथमिक, प्राथमिक खंड के कक्षा संचालन के आभासी व्यवस्था को गति प्रदान किया जाए।
* आभासी शिक्षण को गति देने के लिए आभासी माध्यम से मातृ गोष्ठी, अभिभावक गोष्ठी कक्षाश: की जाए।
* भैया/बहनों के मध्य विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता विद्यालय स्तर पर रख सकते हैं।
* परियोजना कार्य (Project Work) कराकर आभासी मूल्यांकन कर सकते हैं।
* Google Form के द्वारा नि:शुल्क साप्ताहिक एवं मासिक परीक्षा लेकर भैया/बहनों को सक्रिय रखते हुए संपर्क में भी रह सकते हैं।
* Google Class Room app पर कक्षा लेने के साथ कक्षाचार्य एवं गृहकार्य देने एवं देखने की सुविधा है।
* प्रत्येक दिन कुछ अभिभावकों का हाल-चाल अवश्य लेना चाहिए।
* अपने विद्यालय के वैभव को बरकरार रखने के लिए, अस्तित्व बचाने के लिए भी आभासी माध्यम से सक्रिय रहें, सन्नद्ध रहें।
* प्रत्येक दिन सायं प्रत्येक प्रधानाचार्य जी यह वृत्त विभाग प्रमुख को प्रेषित करेंगे कि कितने आचार्यों ने कितनी बेलाओं में आभासी माध्यम से अध्यापन किया।

## 2. ग्रीष्मावकाश

हम सबका भैया/बहनों से अभिभावकों से जुड़े रहना नितांत आवश्यक है। अत: ग्रीष्मावकाश न देते हुए व्यवस्था बनाई गई है, कि 5 जून, 2021 से 15 जून, 2021 तक कथा कथन, गीत, प्रश्नमंच एवं अन्य गतिविधियाँ ऑनलाईन करनी है। इस संबंध में अपने विभाग प्रमुख जी से मार्गदर्शन लेना अपेक्षित है। एक दूसरे विद्यालय का भी सुझाव लेना चाहिए।

## 3. प्रशिक्षण वर्ग के स्थगत की सूचना

ग्रीष्मावकाश में प्रस्तावित कार्यरत नवीन एवं स्थायित्व प्रशिक्षण वर्ग कोरोना संक्रमण के कारण स्थगित किया गया है। नवीन तिथि समय से प्रेषित की जाएगी।

## 4. आर्सेनिक एल्बम 30 का वितरण

गत वर्ष आर्सेनिक एल्बम 30 का वितरण विद्या विकास समिति, झारखण्ड एवं हीरालाल नारसरिया मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा पूरे झारखण्ड प्रांत के 1,30,850 (एक लाख तीस हजार आठ सौ पचास) परिवारों में किया गया था। इसका लाभ समाज को मिला। उसी को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष भी इसके वितरण का कार्य किया जा रहा है।

## 5. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

हमें ज्ञात है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है। यह आयोजन भैया/बहन, आचार्य एवं अभिभावक तथा सभी हितचिंतक अपने-अपने निज आवास पर करेगें। चित्र विद्यालय को प्रेषित करेंगे। प्रधानाचार्य जी संपूर्ण वृत्त एवं चित्र प्रदेश कार्यालय प्रेषित करेंगे। क्षेत्र द्वारा इस अवसर के लिए कुछ आसान एवं प्राणायाम निर्धारित किए हैं, जो निम्नवत् है -

| | | | |
|---|---|---|---|
| आसन - | 1. शरीर संचालन अथवा पवन मुक्तासन | - | 15 मिनट |
| | 2. मंडूकासन | - | 02 मिनट |
| | 3. उष्ट्रासन | - | 02 मिनट |
| | 4. पश्चिमोत्तानासन | - | 02 मिनट |
| | 5. सूर्य नमस्कार (पूर्ण मंत्र सहित) | - | 10 मिनट |

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्राणायाम – | 1. कपालभाति | – | 02 मिनट |
| | 2. भस्त्रिका | – | 02 मिनट |
| | 3. नाड़ीशोधन (अनुलोम-विलोम) | – | 02 मिनट |

## 6. दैनंदिन गतिविधि

यह वैश्विक महामारी है, यह जितना घातक नहीं उससे अधिक इसका डर घातक है। सबको उत्साहित करते रहें। कोई तनाव में न आए। एक दूसरे का सहयोग मानसिक एवं सामाजिक रूप से करते रहें।

* शारीरिक दूरी का पालन करते रहें।
* मास्क लगाएँ।
* काढ़ा पीएँ।
* योग, आसन, प्राणायाम एवं व्यायाम करें।
* मन से मजबूत रहें।
* प्रातः काल धूप का सेवन प्रतिदिन करें।
* प्रातः सायं घर में कपूर एवं गुगुल जलाएँ, संभव हो तो हवन करें।
* एक दूसरे का संबल प्रदान करें।

**वह पथ क्या, पथिक कुशलता क्या ?**
**जिस पथ में बिखरे शूल न हो,**
**नाविक की धैर्य परीक्षा क्या ?**
**जो धाराएँ प्रतिकूल न हो ।**

<u>आलोक</u> :- **इस पत्रक को प्रधानाचार्य जी आचार्य के मध्य एवं सचिव महोदय समिति में सुनावें। Print सबको देना चाहिए। सचिव महोदय के यहाँ भी Print पहुँचा दे। आवश्यकतानुसार समिति में अन्य को भी Print दिया जा सकता है। संचिका में लगा देने से दायित्व की पूर्ति नहीं होगी। प्रदेश से प्राप्त साहित्य से समिति को अवगत करावें।**

भवदीय
13/05/2021
(मुकेश नंदन)
प्रदेश सचिव
विद्या विकास समिति, झारखंड